सार-समाचार

शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह

गुड़ामालानी, (निसं)। महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय में 68 वी जिला स्तरीय शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 71 टीमे तथा 392 छात्र छात्राएं भाग लिया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुर्व राजस्व मंत्री हेमाराम चौधरी,अध्यक्षता राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, प्रधानाचार्य विक्रम सिंह राठौड, एडवोकेट सुनिता चौधरी, चम्पालाल वर्मा, रमेशलाल जोशी, भामाशाह विक्रम सिंह जालीखडा, जबरसिंह राजपुरोहित के सानिध्य में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पुर्व राजस्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि खेल को खेल कि भावना से खेलना चाहिए। एवं कहा कि गुडामालानी जनता का लम्बे समय से मेरे पर आशिर्वाद रहा मैं उसे भुल नहीं सकता । समय आता जाता रहता है मगर भावना से किया गया कार्य से प्रजातंत्र मजबूत होगा । राणा सुरेन्द्र सिंह राङ्गौड ने कहा कि शतरंज का खेल दिमाग से खेला जाता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । कार्य म में सहयोग करने वाले भामाशाहों का अतिथियों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर सम्मानित किया गया। पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी,सदर जफर खान, गजेन्द्र दहिया,कैलाश भार्गव, हिमांशु जोशी, अध्यापिका मोक्ष सुधा जोशी सहित विद्यालय स्टाफ एवं टीमों गणनायक तथा गांव गणमान्य लोग उपस्थित रहे । मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भंवरलाल गौड़ ने किया।

रोजगार एवं उद्यमिता शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। रोजगार विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर में आयोहित एक दिवसीय करियर कौशल रोजगार एवं उद्यमिता शिविर का जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे ने फीता काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे ने बेरोजगार युवाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने तथा शिविर में उपलब्ध अवसरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। उन्होंने आईटीआई परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे-एल एण्ड टी स्कील ट्रेनिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन अहमदाबाद द्वारा 350, भारत फाईनेंसियल इनक्लुजन लिमिटेड जोधपुर द्वारा 30, नव किसान बायोकेम उदयपुर द्वारा 75, यश सोल्यूशन अहमदाबाद द्वारा 200, चैकमेट सर्विस लिमिटेड द्वारा 500 पदों एवं अमेजन सेलर सर्विस प्रा.लि. द्वारा विभिन्न पदों के लिए बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लेकर शिविर में कुल 113 बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभांवित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, जिला आयोजना अधिकारी अचलाराम व आटीआईटी जालोर के अनुदेशक सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

तैराकी व लॉन टेनिस प्रति. संपन्न

पाली, (नि.सं.)। जीडी गोयनका स्कूल के तत्वाधान मे आयोजित 68 तेराकी व लॉन टेनिस प्रतीयोगिता का समापन सीबीएसई के सीटी कॉर्डिनेटर योगेंद्र आर्य व आयोजक विद्यालय के डायरेक्टर डॉ अभिषेक जैन के आतिथ्य मे समापन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के संयोजक सत्यनारायण परिहार व विद्यालय प्राचार्य मकदत पुष्करणा ने बताया कि तैराकी प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग मे बिडला स्कूल सोजत प्रथम, डीपीएस पाली द्वितीय व केंद्रीय विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा तों छात्र वर्ग मे डीपीएस पाली प्रथम, बिडला सोजत द्वितीय व चारभुजा स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के प्रमुख चयनकर्ता सत्यनारायण व प्रियांशी ने बताया की जयपुर मे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग मे केंद्रीय विद्यालय पाली की रिया चौधरी, बिड़ला स्कूल सोजत की वैशाली सोनी, मूमल सोनी, तनवी सीरवी, खुशबु व दिव्यांशी पाली का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्र वर्ग मे केंद्रीय विद्यालय का अनिरुद्ध शर्मा, सेंट पॉल का जयवर्धन सिंह, डीपीएस का रौनक सीरवी व विवेकानंद स्कूल का महेंद्र प्रताप सिंह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। इस मौक़े पर तेराकी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ निर्णायक समिति के पुरण सिँह चांदावत, प्रियांशी परिहार, रामभगत चौधरी, प्रदीप टाक व अनीता विश्नोई समेत खिलाड़ी मौजूद रहे।

समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

जालोर, (कासं)। जिले में बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही जून 2024 की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित लक्षण को प्राप्त करने एवं जिले के विकास में सहभागिता के संदर्भ में जिला स्तरीय परामर्श धात्री समिति की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे ने बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के बारे में जानकारी लेते हुए बैंकर्स को निर्देशित किया वे सरकारी योजनाओं के तहत लम्बित आवेदनों का प्राथामिकता के साथ त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया जयपुर के सहायक महाप्रबंधक मनीष मंडल, नाबार्ड के विकास अधिकारी उत्तम डाबी, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश राम टांक, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदर्शन पारीक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, अग्रणी बैंक प्रबंधक व एसबीआई आरसेटी के निदेशक रमेश कुमार, सरपंच हनुमानराम एवं विभिन्न बैंकों के प्रबंधक व विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

'कर्म करने से पहले परिणाम सोचें'

जोधपुर, (कासं) । जीव जो कर्म करता है, उसका फल भी उसे ही भोगता है, जीव ही संसार में भ्रमण करता है और जीव ही उससे मुक्त भी होता है, इसमें उसका कोई साझी नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली के खेरादियों का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मंदिर त्रिस्तुतिक पौषधशाला में साध्वी कारुण्य लता ने सामूहिक सामायिक के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मों का फल अवश्य ही भुगतना पड़ता है, क्योंकि मनुष्य ही अच्छे और बुरे कर्म करता है।, पशु नहीं। हमे अपने कर्मों का फल अवश्य भुगतना पड़ेगा चाहे देर हो या सवेर कर्म सिर्फ हमें भुगतने ही पडेंगे। इसलिए कर्म करने से पहले एक बार अवश्य सोचें क्या मैं यह सही कर रहा हूं, अगर कर्म करने से पहले अच्छे से सोच ले तो शायद हम बुरा कर्म करने से बच सकते हैं। अगर आपने अपने आप को बचा लिया तो सजा से भी बचा लिया। बुरा कर्म कर लिया तो एक न एक दिन भगवान अवश्य सजा देगा। इस जन्म में नहीं अगले जन्म में ही कर्मों का फल भोगना पड़ता है। सामूहिक सामायिक का आयोजन राजेन्द्र महिला मंडल की ओर से किया गया।

अवैध गैस रिफिलिंग के दो मामले दर्ज

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने के प्रकरण दर्ज किए है। वाहनों में भी अवैध रूप से गैस भराई की जा रही थी। एसीपी प्रतापनगर अंशु जैन ने सिंधी बस्ती मसूरिया में अवैध रूप से गैस सिलेण्डर से वाहनों और सिलेण्डरों से गैस भर रहे शहजाद पुत्र मोहम्मद शकील और नरेन्द्र पुत्र नारासिंह नट को गिरफ्तार कर मशीन और सिलेण्डर जब्त किए। इन लोगों द्वारा वाहनों में अवैध रूप से गैस की भराई की जा रही थी और मानव जीवन को संकट में डाला जा रहा था। प्रकरण देवनगर थाने में दर्ज कराया गया है। जांच थानाधिकारी भूटाराम कर रहे है। वहीं एसीपी पश्चिम छवि शर्मा ने खेमे का कुआं स्थित एक वाइंस शॉप की वाली गली में अवैध रूप से गैस टंकियों का भंडारण कर रिफिलिंग करके मानव जीवन को संकट में डाल रहे कुंदन प्रजापत पुत्र अशोक प्रजापत को गिरफ्तार कर मौके से खाली भरी गैस की टंकिया और मशीन जब्त की।

साढ़े 4 घण्टे विद्युत बाधित रहेगी

जालोर,(कासं)। 132 केवी जीएसएस जालोर पर रख-रखाव कार्य के लिए 13 सितम्बर, शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से प्रात: 11.30 बजे तक सम्पूर्ण जालोर शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों में साढे 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता (शहर) महेन्द्र राजपुरोहित ने बताया कि 132 केवी जीएसएस जालोर पर शुक्रवार को रख-रखाव कार्य के लिए 132 जीएसएस से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर बंद रहेंगे जिसके कारण सम्पूर्ण जालोर शहर, औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण, गोडिजी, तासखाना बावड़ी, लालपोल, बड़ी पोल आदि क्षेत्रों में प्रात: 7 बजे से प्रात: 11.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सांफाड़ा व उम्मेदाबाद में चोरी करने के चार आरोपी गिरपतार

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के बिशनगढ़ व सायला पुलिस थाने क्षेत्र में नकबजनी व चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर पुलिस ने गुरुवार को साफांडा व उम्मेदाबाद में ज्वैलर की दुकान में चोरी के मामले में चार आरोपियो का गिरफ्तार कर एक विधि से संघर्षरत किशोर को भी निरूद्ध किया। चोरी का माल खरीददार एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया।

जालोर जिले के बिशनगढ मय पुलिस टीम ने बिशनगढ क्षेत्र व आस पास के क्षेत्र में रात्रि के समय अज्ञात मुलजिमानों द्वारा घरों व दुकानों में घुसकर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुराकर कर ले जाना व चोरी किये गये सोने चांदी के आभुषणो को सस्ते भाव में बेचना तथा चोरी में प्रयुक्त का वाहन बोलेरो व अल्टों वगैरा वारदातो का पर्दाफाश कर चार मुलजिमानों को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण:- रमेश कुमार पुत्र वगताराम जाति सोनी निवासी सांफाडा पुलिस थाना बिशनगढ जिला जालोर ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि 04सितम्बर 2024 की रात्री में मेरी ज्वैलरी दुकान के ताले तोडकर दुकान मे से सोने चांदी के जेवरात व नकदी अज्ञात चोर चौरी कर ले गये है।

वही मुकेशकुमार पुत्र गणेशमल जाति सोनी निवासी आलासन ने रिपोर्ट पेश की कि उसके सोने चांदी की दुकान उम्मेदाबाद में आई हुई हैं, अज्ञात मुलजिमानों द्वारा रात्री मे ताले तोडकर सोने चांदी के जेवरात चुराकर ले जाना

पुलिस ने बताया कि ओटवाला पुलिस थाना सायला में घर के अंदर से एक बोलेरो वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि प्रवीणकुमार पुत्र जयन्तिलाल कौम वाल्मीकी उम्र 24 साल निवासी भैसवाडा पुलिस थाना आहोर हाल धवला रोड कस्बा जालोर जोगियो का वास, सजनकुमार पुत्र भभुताराम कौम वाल्मीकी उम्र 20 साल निवासी भैसवाडा पुलिस थाना आहोर हाल टीवीएस शौरूम के पास भील कॉलोनी ताशखाना बावडी जालोर, धन्नाराम उर्फ पिया पुत्र चैनाराम जाति भील उम्र 23 साल निवासी ताशखाना बावडी जालोर पुलिस थाना कोतवाली जालोर तथा माल खरीददार मोहनलाल पुत्र मगाजी जाति सोनी उम्र 65 साल निवासी कांकरिया वास जालोर को गिरपतार किया।

मुलजिमानों द्वारा शाम के समय अपनी-अपनी मोटरसाईकल लेकर एक जगह पर एकत्रित होकर चोरी की वारदातो को अंजाम देने के लिए पहले प्लान बनाकर सुने घरो व दुकानो की दिन व शाम के समय मोटरसाईकल पर सवार होकर रेकी करते थे।

फिर रात के समय गांवों में चोरी के वाहनों को उपयोग मे लेकर चोरी करना व चोरी का माल चोरी के वाहन मे डालकर जालोर जाते। फिर वहां के सुनार को बैचकर रूपये प्राप्त करके अपनी शौक मौजा व शराब पार्टी में खर्च करते थे।

जेवरात दुकान में चोरी की वारदात का पर्दाफाश

रेवदर, (निसं)। रेवदर पुलिस ने सोने,चांदी की दुकान का ताला तोडकर सामान चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार देशमल सोनी पुत्र शंकरलाल जाति सोनी उम्र 63 साल पैशा व्यापार निवासी शिव गार्डन रेवदर पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरे सोने चांदी की दुकान नया बाजार रेवदर राजेश्वरी ज्वेलर्स के नाम से आई हुई है। यह की मेरी उक्त दुकान में दिनांक 1०.9.2०24 की रात्री को करीब 2 बजे के आस पास शटर का ताला दुकान में से सोने चांदी के जैवरात व रूपये चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रकरण की घटना को गंम्भीरता से लेते हुए सहदेव चौधरी निपु थानाधिकारी पुलिस थाना रेवदर द्वारा जवानमल हैड कानि नं 531 मय जाब्ते की एक विशेष टीम का गङ्गन किया गया। टीम द्वारा तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच आस-पास से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किये गये। प्रकरण की घटना के संम्बध में संदिग्ध नाथुलाल पुत्र रमेशकुमार जाति कोली उम्र 19 साल निवासी इन्द्रा कॉलोनी रेवदर पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही , थानाराम पुत्र हंसाराम गोदीपुत्र दिनेशकुमार जाति कोली उम्र 21 साल पैशा मजदुरी निवासी थल हाल इन्द्रा कॉलोनी रेवदर पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही को डिटेन करके प्रकरण की घटना के संबंध में पूछताछ की गई। उक्त दोनों संदिग्ध नाथूराम व थानाराम द्वारा प्रकरण की वारदात करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार किये गये। अभियुक्त नाथूराम द्वारा पूर्व में भी रेवदर में किराणे की दुकान व मार्बल की दुकान का ताला तोडकर रूपये व इलेक्ट्रीक वस्तुओं की चोरी की गई थी। जिसमें अभियुक्त नाथूराम के विरूद्ध रेवदर थाने में संम्पति संबंधी अपराध दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन चल रहे है। पुलिस ने चोरी हुए संपूर्ण सामान की अभियुक्तों के कब्जे से बरामदगी कर ली है। अभियुक्तों से अन्य प्रकरणो में पूछताछ जारी है

नाथुलाल पुत्र रमेशकुमार जाति कोली उम्र 19 साल निवासी इन्द्रा कॉलोनी रेवदर पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही, थानाराम पुत्र हंसाराम गोदीपुत्र दिनेशकुमार जाति कोली उम्र 21 साल पैशा मजदुरी निवासी थल हाल इन्द्रा कॉलोनी रेवदर पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही को गिरफ्तार किया।

एक ही रात में पांच जगह चोरी की वारदात हुई

जोधपुर, (कासं) । नकबजनों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है, मगर पुलिस फिर भी उन्हें नहीं पकड़ पा रही है। सीसीटीवी फु टेज के बगैर पुलिस चोरों तक भी नहीं पहुंच पा रही है।

बोरानाडा क्षेत्र में पांच दिन पहले ही एक मकान में चोरों ने 70 लाख की चोरी की थी, चोरों का अब तक पता नहीं चला कि बुधवार की रात को फिर से एक साथ पांच जगहों पर सैंध मार कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी। जिला पश्चिम में लगातार चोरियां बढ़ रही है मगर पुलिस गश्त रात को ढीली पड़ जाती है और चोर अपना काम कर जाते है। जिला पश्चिम में सूरसागर के कालीबेरी और भूरी बेरी क्षेत्र में दो वाइन शॉप के साथ एक ईमित्र की दुकान पर चोरों में सैंधमारी की। वहीं लूणी तहसील के शिकारपुरा में नई आबादी क्षेत्र में दो सगे भाईयों के मकानों में चोरों ने सैंध लगा दी। वक्त हालांकि परिवार के लोग घरों में ही थे।

सूरसागर पुलिस थाना क्षेत्र के काली बेरी और भूरी बेरी क्षेत्र में मेवाड़ा वाइंस की दो शराब दुकानों में रात में सैंध लगी। अज्ञात चोर यहां से सवा लाख की नगदी के साथ महंगी शराब के बोतलें ले गए। भूरी बेरी में ही एक ईमित्र की दुकान का शटर उठाकर चोरों ने कुछ नगदी के साथ जरूरी दस्तावेजों को पार लिया। इस बारे में आज सुबह सूचना मिलने पर सूरसागर पुलिस ने मौका मुआयना किया। घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेजों में है।

लूणी तहसील के शिकारपुरा स्थित नई आबादी क्षेत्र में जेठाराम पटेल के दो पुत्रों बागाराम और भीमाराम के मकान आए है। एक का परिवार मुंबई रहता है। बागाराम के मकान से चोर दस तोला सोना के साथ दो से तीन लाख की नगदी ले गए साथ ही चांदी भी पार कर गए। वहीं भीमाराम के घर से 3-4 तोला सोना और 50 हजार के तकरीबन चोरी हुई है।

'लूणार में पानी व बिजली की सप्लाई करें'

जैसलमेर, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति सम के वीसी कक्ष में गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें उपखण्ड अधिकारियों के साथ ही अन्य अधिकारियों ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी एवं उसका निराकरण किया। उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार ने लोगो की परिवेदनाएं सुनी लूणार में पानी बिजली के मामले में जलदाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की वे इसकी जांच कर पानी एवं बिजली की सप्लाई सुचारू करावें

विकास अधिकारी सम समिति किशन सिंह, तहसीलदार सम गजानन्द मीना, उपनिवेशन तहसीलदार मोहनगढ एवं चतुरसिंह, तहसीलदार रामगढ महावीर प्रसाद सिलू आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001

क्रमांक/भूमि/2024-25/1201 दिनांक: 04/09/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री सतार खांन पुत्र श्री जफर हुसैन जाति मुस्लमान निवासी गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 97 साईज 25 गुणा 50 कुल 1250 वर्गफीट वाके गांधी कॉलोनी जैसलमेर जो की श्री भंवरु राम पुत्र श्री आसूराम जाति भील निवासी गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा जरिये अपंजीकत बैचान ईकरारनामा व अपंजीकत मुख्यारनामा से प्राप्त किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री सतार खान पुत्र श्री जफर हुसैन जाति मुसलमान निवासी गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

आम सूचना

मै गणपत राम पुत्र श्री गोविदा राम उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नं 1, 42 ढानी समोता वाली सिमरला जागीर पिरोंका जिला सीकर -332603 (राजस्थान) भागीदार 50% और मैं बंशीधर जाट पुत्र श्री गोविन्दराम उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड नं 1, 42 ढानी समोता वाली सिमरला जागीर पिरोंका जिला सीकर -332603 (राजस्थान) भागीदार 50% इस आम सूचना के जरिये हम हर आम व खास को सूचित करते है कि हमने हमारी फर्म मैसर्स जय श्री बालाजी स्टोन पंजीकत पता -खसरा नं. 2539 भीनमाल रोड जालोर जिला जालोर - 343001 (राजस्थान) जिसका रजिस्टेशन नम्बर - RF/JLR /2017/369 व दिनांक 05.12.2017 है । उक्त फर्म का हम भागीदारो ने दिनांक 12.09.2024 को आपसी से विघटन कर दिया है । अगर इसमे किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कपया इस आम सूचना से 10 दिनो के भीतर जिला उधोग एवं वाणिज्य विभाग जालोर को सूचित करे ।

प्रतापनगर के निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण

डॉ. मेडिकल कालेज जोधपुर प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. भारती सारस्वत ने जिला अस्पताल प्रतापनगर के नव निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया।

जोधपुर, (कासं) । डॉ. मेडिकल कालेज, जोधपुर प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. भारती सारस्वत ने आज दोपहर 1.30 बजे जिला अस्पताल, प्रतापनगर के नव निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ. प्रियंका, प्रभारी अधिकारी, जिला अस्पताल प्रतापनगर साथ में थी।

नवनिर्मित भवन के भू-तल पर स्थित ओ.पी.डी. कक्ष व डायग्नोस्टिक कक्ष, एक्सरे कक्ष, प्रथम एवं द्वितीय तल पर स्थित वार्डस एवं ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया।

नवनिर्मित भवन का सिविल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा बिजली विभाग से नया कनेक्शन करवाया जाना शेष है, इस के लिए प्रभारी अधिकारी प्रतापनगर को निर्माण एजेंसी आर. एस. आर. डी. सी. के साथ सम्पर्क कर शीघ्र बिजली कनेक्शन कराने के निर्देश दिये गये। आर.एस.आर.डी.सी. को भी निर्देशित किया गया कि भवन का शेष कार्य शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कर हस्तानान्तरण की कार्यवाही किया जावे ताकि इसका लोकार्पण करवाया जाकर अस्पताल का कार्य शुरू किया जा सके।

इस दौरान इस नये भवन में कार्य शुरू करने के लिए प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में कितने उपकरण, बेड्स, फर्नीचर उपलब्ध है तथा नये की आवश्यकता का एक नोट बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करे, ताकि अस्पताल का कार्य नये भवन में सुचारू रूप से शुरू करने की कार्यवाही की जा सके।

'रेल पटरियों पर हादसे मानवता का कत्लेआम'

जोधपुर, (कासं)। एंटी टेरेरिस्ट अध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि रेल पटरियों पर हो रहे हादसे यह मानवता का कत्ले आम है। जब ऐसे लोग पकड़े जाते हैं तो धर्म के नाम पर राजनीति होती है।

उन्होंने कहा कि भारत मां की पीठ में छुरा घोंपने के समान है। बिट्टा गुरुवार को जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद वे रामदेवरा मंदिर दर्शनार्थ को जाएंगे।

बिट्टा ने पूर्व में पंजाब के हालात पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले बेअंतसिंह के बेटे को एमपी बना दिया जाता है। अमृतपाल देश विरोधी नारे देने वाला उसको भी लोग एमपी बना देते हैं।

देश को धर्मशाला बनाया जा रहा है। हम भारतीय हैं और क्यों धर्म के नाम पर बंटे हैं, खुद को भारतीय कहलाने शर्म क्यों आती है।

बिट्टा ने कहा कि देश के कण-कण और प्रति व्यक्ति में राष्ट्र भावना आ जाएगी तो यह घटनाएं हो ही नहीं सकती है। पॉलिटिकल के लोग उन चीजों से दूर जा चुके हैं। हम आज अपने तक सीमित रह गए हैं।

आज हर कोई एमपी-एमएलए और मेयर बनने की सोचता है मगर राष्ट्र कहां गया या भारत मां कहां गई यह कोई नहीं सोचता है। भारत मां के साथ धोखा नहीं करना और ना ही मानवता का कत्ले आम करना है।

रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के सवाल पर बिट्टा ने कहा कि बाबा को कोई बम से उड़ा सकता है ? उससे पहले मैं उसके चिथड़े-चिथड़े ना कर दूं। कोई हमारे भगवान को कुछ भी बोल देगा क्या।

उन्होंने खुली चेतावनी दी कि उनके फेसबुक पर कोई धमकी देकर देखें, वहीं जाकर उसके चिथड़े- चिथड़े कर दूंगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन भगवान को कोई उड़ा देगा, हम जिंदा नहीं रहेंगे। ऐसे मामलों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट रहती है।

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AJITPURA
PANCHAYAT SAMITI, AHORE (JALORE)

No.- 120 Date-12.09.2024

-: Notice Inviting Bid:-

Bid for SFC-6 (ZP-Head) Under rule 181 Work are invited from interested bidders upto 2:00 AM/ PM Date 13-09-2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in , https://sppp.rajasthan.gov.in.) of the state ; and notice board of this office .the approximate value of the procurement is Rs .10.00 Lac.

NIB code : ZJR2425A0323 UBN : ZJR2425WSRC00425

Gram vikash Aadhikari
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore (jalore)

Sarpanch
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore (jalore)

युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कासं) । शहर के मसूरिया क्षेत्र टीवी टावर रोड पर रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसके आत्महत्या किए जाने का कारण पता नहीं चला है। देवनगर पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया। इस बारे में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में बालाजी रोड तीसरा मोड़ मसूरिया निवासी रमेश पुत्र चैनाराम राव ने पुलिस को बताया कि टीवी टावर बालाजी रोड पर उसके भाई राकेश ने घर पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

जे.डी.ए. आयुक्त उत्साह चौधरी ने जनसुनवाई की। इस दौरान सचिव भागीरथ बिश्रोई सहित निदेशक एवं उपायुक्त मौजूद रहे। आयुक्त द्वारा जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए।

विश्नोई ने अधिकारियों की बैठक ली

जालोर, (कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी गंभीरतापूर्वक बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के "हर घर को बिजली-हर गरीब को छत" के सपने को साकार करते हुए विद्युत, पेयजल सहित मूलभूत आवश्यकताओं के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं के स्वी.ति कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि आवंटन व डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने विभागवार बजट घोषणा 2024-25 की बिन्दुवार चर्चा करते हुए अब तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 10 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत सियाणा, बागरा व उम्मेदाबाद में बाबा साहब अम्बेडकर आदर्श ग्राम योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित कार्यों को किये जाने की बात कही।

उत्तर पश्चिम रेलवे — **ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

नं.: Comml/E-auction/2024/112, दिनांक: 11.09.2024

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों में एसएलआर और वीपीयू लीजिंग/ हाइब्रिड NFR (ऑन बोर्ड खरीदारी)/ विज्ञापन-विनाइल रैपिंग एवं विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड/ ए.टी.एम (ATM)/ रेल कोच रेस्टोरेंट (RCR)/ प्रतीक्षालय (Waiting Room)/ प्लास्टिक बोटल क्रशिंग मशीन (PBCM)/ वॉटर वेंडिंग मशीन (WVM)/ एम.पी.एस (MPS)/ विज्ञापन - आउट ऑफ़ होम, रेल डिस्प्ले नेटवर्क-नॉन डिजिटल/विज्ञापन के साथ बैटरी ऑपरेटेड कार्ट्स (BCA) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया गया है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

1.	कार्य का नाम	(1)	जोधपुर मंडल से संचालित गाड़ियों के एसएलआर और वीपीयू लीजिंग में स्थान लीज पर माल पार्सल की लोडिंग हेतु ई-ऑक्शन
		(2)	जोधपुर मंडल के गाड़ियों में हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(3)	जोधपुर मंडल की विभिन्न गाड़ियों पर वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु विनाइल रैपिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(4)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(5)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर ए.टी.एम (ATM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(6)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट (RCR) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(7)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर प्रतीक्षालय (Waiting Room) के ठेके हेतु ई- ऑक्शन
		(8)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर प्लास्टिक बोटल क्रशिंग मशीन (PBCM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(9)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर वॉटर वेंडिंग मशीन (WVM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(10)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एम.पी.एस (MPS